बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
बाढ नियत्रंण प्रमंडल –1, पडरौना।
(fcd3padrauna@gmail.com)
Quation No. – 2Q/2026-27

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

पत्रांक ..../ पडरौना, दिनांक ....

सेवा प्रदाता से ट्रैक्टर के साथ प्रोटेबल जेनरेटर जोड़कर लाईट के साथ बाढ अवधि 2026 के दौरान तटबंध की सुरक्षा हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है जिसका उपयोग जी0एच0 प्रभाग 0.00 कि0मी0 से 6.62 कि0मी0 के बीच अति आक्राम्य, अति संवेदनशील स्थलों पर आवश्यकतानुसार जरूरत पडने पर खाली बैग, नायलन क्रेट, खाली जियो बैग, बालू गिट्टी इत्यादि के साथ मजदूरों को रखकर क्षेत्रान्तर्गत ले जाने एवं वहां आवश्यक कार्य कराने हेतु चौबीसों घंटे तैयार रहना होगा एवं निदेशानुसार कार्यस्थल पर तत्क्षण प्रस्तान करेगा। ट्रैक्टर, जेनरेटर एवं हैलोजन निम्न प्रकार से होना चाहिए–

1.विवरण

(क) ट्रैक्टर :–35 HP का न्यूनतम
(ख) प्रोर्टेबल जेनरेटर :– 2 K.V.
(ग) हैलोजन :– कार्य के लिए पर्याप्त रोशनी होनी चाहिए कम से कम 500 W का 4 अदद्, एवं प्रत्येक रोशनी हेतु 30 मीटर लम्बाई की तार सहित ।

सेवा प्रदाता से आइडिल अवधि एवं कार्यकारी अवधि के दर की अपेक्षा की जाती है।

(अ) आइडिल दर :–
(ब) कार्यकारी दर :–

2. मूल्यांकन

दर उद्धरण का मूल्यांकन निम्नांकित फार्मूला से किया जायेगा –

$a \times 0.3 + b \times 0.7$, जहाँ a आइडिल दर है एवं b कार्यकारी दर है।

3. शर्ते

(क) सेवा प्रदाता का निबन्धन मुख्य अभियंता, बाढ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, गोपालगंज में बाढ 2026 के कार्यों हेतु होना चाहिए।
(ख) सेवा प्रदाता का GST निबंधन, पैन कार्ड एवं चरित्र प्रमाण पत्र होना चाहिए।
(ग) आयकर की कटौती आयकर अधिनियम 1961 के नियमानुसार की जायेगी।
(घ) ट्रैक्टर एवं जेनरेटर हमेशा चालू स्थिति में रहना चाहिए अन्यथा खराब होने पर देय दर के दोगुनें वसूली की जायेगी।
(ड) सभी कार्यों का भुगतान लॉग बुक प्रविष्टि के आधार पर किया जायेगा।
(च) अद्योहस्ताक्षरी को निर्धारित अवधी के पूर्व भी वाहन/मोबाईल एम्बुलेंस स्थल से हटाने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
(छ) मशीनरी का उपयोग नहीं होने की स्थिति में आईडल दर पर भुगतान किया जायेगा। आईडल अवधि अधिकतम 12 घंटे की होगी।

4. कोटेशन प्राप्ति की तिथि :– 23.05.2026 से 27.05.2026 समय अपराहन 3:00 बजे तक।

5. कोटेशन प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, बाढ नियंत्रण प्रमंडल–1 पडरौना/अधीक्षण अभियंता, बाढ नियंत्रण अंचल पडरौना, कार्यपालक अभियंता, आयोजन एवं मोनिटरिंग प्रमंडल, गोपालगंज।

विश्वास भाजन

ह0/–
(ई0 विजय कुमार पाल)
कार्यपालक अभियंता,
बाढ नियत्रण प्रमंडल –1,
पडरौना।

पत्रांक **499**/ पडरौना, दिनांक ***13.05.2026***

प्रतिलिपिः— सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, सिंचाई भवन पटना को सात प्रतियों में सी0डी0 सहित दो प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ समर्पित।

अनुलग्नकः— सी0डी0 01 (एक) अदद्।

13/05/26

(ई0 विजय कुमार पाल)
कार्यपालक अभियंता,
बाढ नियंत्रण प्रमंडल —1,
पडरौना।

13.5.26